# सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

पत्रांक–प॰नि॰6593 / 25 दिनांक–18.03.2025

## आवश्यक-सूचना

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध प्रदेश के समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यो को सूचित किया जाता है कि शिक्षा निदेशक (उ॰शि॰) उत्तर प्रदेश, प्रयागराज के पत्र सं॰–डिग्री विकास / 2369 / 2024–25 दिनांक 25.02.2025 के माध्यम से निर्देश दिया गया है कि **यदि महाविद्यालय में रोवर्स(छात्र)–रेंजर्स(छात्रा) समागम सम्पन्न कराने की पर्याप्त सुविधा हो और महाविद्यालय एतदर्थ लिखित सहमति प्रदान करता है तो उसे सत्र 2024–25 के समागम में संयोजक बनने का अवसर, इस प्रतिबन्ध के साथ दिया जायेगा कि सम्बन्धित महाविद्यालय पूर्व में संयोजक के लिये नामित न हुआ हो।**

उपर्युक्त निर्देश का उद्देश्य है कि महाविद्यालयों में स्काउड एण्ड गाईड के माध्यम से रेंजर्स / रोवर्स (छात्र–छात्राओं) में अनुशासन एवं समाजसेवा की भावना जागृत हो और अनुशासित समाज स्थापित हो सके। महाविद्यालयों को इसके लिये अपने स्तर से रेंजर्स–रोवर्स (छात्र–छात्रा) को यूनीफार्म के साथ स्काउड एण्ड गाईड का प्रशिक्षण दिये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करना आवश्यक होगा।

अतः समस्त प्राचार्यो से अनुरोध है कि कृपया **संयुक्त निदेशक (उ॰शि॰) के उपर्युक्त निर्देश के अनुपालनार्थ अपने–अपने महाविद्यालय के बैक का नाम, खाता संख्या, आई॰एफ॰एस॰सी॰कोड तथा अन्य सूचनाएं अधोहस्ताक्षरी को दिनांक 20.03.2025** तक उपलब्ध करायें, जिससे संयोजक **नामित कर प्रस्तावित समागम सफलता पूर्वक सम्पन्न कराया जा सके।**

भवदीय

18/3/25

**(प्रो॰ सुधाकर मिश्र)**
**परीक्षा नियंत्रक**

**प्रतिलिपि**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित। 18/3/25

1. सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. सहायक कुलसचिव (परीक्षा)।
3. सिस्टम एनालिस्ट को उक्त सूचना वेबसाईट पर अपलोड करते हुये सभी महाविद्यालयों की लागिंग आई॰डी॰ पर ई–मेल कराने हेतु।
4. आशुलिपिक, कुलसचिव।
5. सम्बद्ध पत्रावली।

18/3/25

**(प्रो॰ सुधाकर मिश्र)**
**परीक्षा नियंत्रक**

18/3/25